# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:पाँचवीं | विषय:हिंदी व्याकरण | पाठ:संज्ञा

## संज्ञा

परिभाषा:- किसी व्यक्ति, वस्तु ,स्थान और भाव का नाम बताने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

जैसे:-: अमित, दिल्ली, कुर्सी, हिमालय, मिठास ,खटास, मित्रता आदि।

संज्ञा के भेद :- संज्ञा के तीन भेद होते हैं:-

१. व्यक्तिवाचक संज्ञा
२. जातिवाचक संज्ञा
३. भाववाचक संज्ञा

उदाहरण:-

१.व्यक्तिवाचक संज्ञा:-

क) श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया।

ख) रामायण की रचना वाल्मीकि ने की थी।

ग) पुनीता ने परीक्षा दे दी है।

घ) <u>हिमाचल</u> में कई प्रसिद्ध मंदिर स्थित हैं।

२. <u>जातिवाचक संज्ञा:-</u>

क) <u>सड़क</u> पर बहुत <u>भीड़</u> है।

ख) <u>माली</u> ने <u>पौधों</u> को सींच दिया।

ग) मैं कल <u>दादा जी</u> से मिला था।

घ) <u>अध्यापिका</u> रोज पुनरावृत्ति करवाती हैं।

<u>३.भाववाचक संज्ञा</u>

क) <u>गर्मी</u> के कारण <u>थकान</u> जल्दी महसूस होती है।

ख) करेले में <u>कड़वाहट</u> है।

ग) <u>बचपन</u> जीवन का सबसे सुंदर समय होता है।

घ) आजकल लोगों में <u>मनुष्यता</u> दिखाई नहीं देती है।